**खबर संक्षेप**

## मांझी ढीमर समाज ने मनाई महाराज निषादराज जयंती



**निवास।** पिछले कई वर्षों से निवास क्षेत्र के मांझी ढीमर समाज द्वारा निषादराज महाराज जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है, कभी नाव में केवट निषादराज की बैठी हुई झांकी तो कभी रथ पर भगवान राम लक्ष्मण और माता सीता के रूप से सुसज्जित बच्चों की शोभायात्रा निकाली जाती है, उक्त जयंती पर चल समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों के साथ छोटे बच्चे भी शामिल होकर खुशी से नाचते झूमते रहे। निवास के स्टेडियम ग्राउंड से शुरू हुआ चल समारोह खेरमाई सहित नगर भ्रमण करते हुये पुरानी बस्ती स्थित श्रीराम व राधा कृष्ण मंदिर में समापन हुआ। शिक्षक संतोष बर्मन ने कहा कि आज समस्त मानव समाज को महाराज निषादराज के बताये पद चिन्हों पर चलते हुये हमें अपना जीवन सुखमय बनाना चाहिये।

## ग्राम टिकरी टोला में रिचा गोस्वामी द्वारा की जा रहा है देवी भागवत कथा

**भुआबिछिया।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नौ दिवसीय श्री मददेवी भागवत कथा का 30 मार्च से 7 अप्रैल तक के खैरमाई बम्हनी बंजर टिकरी टोला के आयोजन में श्री मददेवी भागवत कथा की व्यासपीठ पर युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी को सुनने के लिए दूर दूर से श्रध्दालु पहुंच रहे हैं इस अवसर पर आज बिछिया से पूर्व जनपद अध्यक्ष ज्योत सिंह ठाकुर बिछिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि टेक राम राय, जिला कांग्रेस महामंत्री अशोक राजपूत, समाजसेवी दादा भाई विश्वकर्मा, झुन्ना ठाकुर, अरुण पांडे, सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालु कथा का रसपान करने पहुंचे सभी लोगों ने युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी का साथ श्रीफल से सम्मानित किया और कथा श्रवण किया।

**तिलक वंदन कर छात्राओं को भेंट की गई पुस्तकें**

# शालाओं में मनाया गया प्रवेश उत्सव





*** भविष्य को लेकर छात्र-छात्राओं से हुआ संवाद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत सभी शालाओं में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें प्राइमरी एवं मिडिल हाई स्कूल के छात्राओं को प्रवेश उत्सव के दौरान उन्हें तिलक बंधन कर पुस्तक वितरित की गई शासकीय हाई स्कूल मानेगांव में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा प्राचाय अंग्रेज सिंह उइके सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों को तिलक बंधन कर पुस्तक वितिरण की गई जिसमें एक शाला एक परिसर के तहत प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के छात्राओं को पुस्तक दी गई शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मॉडल स्कूल कुडा मैली में प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा आरके गुप्ता एवं नारायणगंज के गाणमान नागरिक में रघुनंदन विश्वकर्मा रतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में छात्राओं को अभ्यास पुस्तक दी गई इस तरह विकास खंड नारायणगंज के माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला सिगौघा प्राथमिक शाला बीजेगांव मानेगांव एक शाला एक परिसर खमरिया प्राथमिक शाला पिपरिया प्राथमिक शाला गवरी टोला मानेगांव एवं भौई टोला प्राथमिक शाला एक साल एक परिसर मैली में खंड संयोजक आरके गुप्ता के समक्ष प्रधान पाठक परम सुख सोनी एवं गांव के गणमान्य नागरिकों के इस कार्यक्रम में उपलक्ष में सभी छात्राओं को पुस्तक तिलक चंदन करके वितरित की गई विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा द्वारा सभी शाला में उपस्थित होकर प्रवेश उत्सव के तहत छात्राओं को पुस्तक वितरित की गई नारायणगंज नारायणगंज के बालक नारायणगंज के बालक हाई स्कूल में प्रिंसिपल रानू बैन एवं ग्राम पंचायत के सरपंच राजकुमारतेकाम की उपस्थिति में चार छात्रों को पुस्तक इन तिलक बंधन कर भेंट की गई छात्रा काफी उत्साहित दिखाई दिए इस तरहसभी शाला परिसर के स्टाफ की उपस्थित सराहनी रही



### भुआबिछिया के शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

एकीकृत माध्यमिक शाला बिछिया में नए शिक्षण सत्र 2025,26 के प्रथम दिवस प्रवेशोत्सव हर्ष उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपा अध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम रजक, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष अमीर सिंह धुर्वे ओर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कटहल जी, बी आर सी मरावी बीएसी पटेल, श्री कुशराम समस्त शालेय स्टॉप की गौरवमयी उपस्थिति में मनाया गया।स्कूल चलें हम पर सांस्कतिक कार्यक्रम, बच्चों का तिलक वंदन कर स्वागत, पुस्तक वितरण कर नियमित शाला आने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उपाध्यक्ष रणधीर सिंह के द्वारा बच्चों को अच्छे नृत्य कौशल एवं शाला नियमित आने के लिए पुरुष्कृत किया गया। बीईओ के द्वारा शाला में दर्ज संख्या बढाने, ज्यादा से ज्यादा सर्वे एवं सम्पर्क कर कक्षा 1 ओर 6 में प्रवेश कराने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे प्रभारी सीमा राजपूत के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

संस्था पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोंटा विकास खंड मवई में आज दिनांक 02/04/2025 को म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्कूल चले हम अभियान 2025-26 के अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव के द्वारा कालखंड के दौरान बच्चो के साथ संवाद करते हुवे भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत शाला में अध्ययनरत बच्चों को विशेष जानकारी देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला में सभी शिक्षक छात्र-छात्राए उपस्थित थे।



# मुठभेड़ में 2 खूंखार नक्सली धराशायी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

केन्द्र एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा मार्च, 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की पुरानी समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस ने आज एक बड़ी मुठभेड़ में माओवादियों के एम.एम.सी. जोन (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) के के.बी. डिवीजन (कान्हा भोरमदेव) की भोरमदेव एरिया कमेटी के 2 हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।

सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरूद्ध लगातार आक्रामक कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार-गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की आसूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। आज सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये सूझबूझ से नियंत्रित एवं प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्यवाही में 2 वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं।

इनके कब्जे से 1 एसएलआर रायफल तथा 1 अन्य रायफल, भरी मैगजीन, 1 वॉकीटॉकी सेट तथा चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। यह भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि राज्य में पहली बार डेढ माह की अवधि में 06 माओवादियों को 2 मुठभेड़ों में ढेर किया गया है।

मृतक माओवादियों में एसीएम ममता उर्फ रामबाई पत्नि राकेश ओडी एसजेडसीएम केबी डिवीजन, निवासी- मुरकुडी, थाना-कोरची, जिला-गढचिरोली, महाराष्ट्र, धारित हथियार-सिंगल शॉट रायफल। एसीएम प्रमिला उर्फ मासे मंडावी, भोरमदेव एरिया कमेटी, निवासी पालीगुढेम, थाना-चिंतलनार, जिला-सुकमा, छत्तीसगढ, धारित हथियार एसएलआर रायफल।



## शिव-पार्वती- प्रेम, निष्ठा और भक्ति का प्रतीक



**मण्डला।** शिव पुराण का पाठ करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है और दुर्भाग्य से छुटकारा मिलता है। शिव पुराण में शिव को पांच देवों में प्रधान अनादि सिद्धि और परमेश्वर के रूप में स्वीकार किया गया है यह बाते ग्राम घुघरा में चल रही शिव महापुराण के चौथे दिन की कथा में कथा वाचक पं.संतोष शास्त्री पदमी वाले ने कही। शास्त्री जी ने बताया कि शिव-पार्वती विवाह प्रेम, निष्ठा और भक्ति का प्रतीक है। शिवपुराण कथा भक्ति और अध्यात्म की गहराइयों तक पहुंचाने का बड़ा साधन है। शास्त्री जी ने बताया कि भगवान के सबसे बड़े भक्त महापंडित रावण ने शिव तांडव स्तोत्र की रचना की थी। प्रदोष व्रत के दिन शिव तांडव स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। इससे मनचाही मनोकामना पूरी होती है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए रावण ने जो स्तुति की, उसे शिव तांडव स्त्रोत कहते हैं। पं. संतोष शास्त्री ने बताया कि जब रावण ने शिव-पर्वत को उठाकर लंका ले जाने की कोशिश की, तब भगवान शिव ने अपने पैर की उंगलियों से पर्वत को दबा दिया और रावण विचलित हो गया। तब भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए उसने शिव तांडव स्तोत्र की रचना की, यह बहुत ही शक्तिशाली है।

**आयोजन** | **शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर हुआ विचार विमर्श।**

# शिक्षकों का आयोजित हुआ स्नेह सम्मेलन





*** संघ के पदाधिकारीगण भी रहे मौजूद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मण्डला के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित झंकार भवन में शिक्षकों का स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें अन्य जिले के शिक्षकों की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत मधुर गीतों के साथ और अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के पूजन से हुआ। श्रीमती इंद्रा सिंगरौरे द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के पश्चात अपने स्वागत उद्बोधन में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के ऊर्जावान, कर्मठ, जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से शिक्षक समुदाय में एक नया उत्साह उत्पन्न होता है और इसका सीधा लाभ विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को मिलता है। आपने कहा कि शिक्षक, शिक्षा और छात्र हित में उनके प्रयास सदैव जारी रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रान्तीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने स्नेह सम्मेलन के उद्देश्यों, महत्व को बताते हुए संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष डॉक्टर श्त्रबीर सिंह राठौर ने मंडला जिले के द्वारा आयोजित स्नेह सम्मेलन को समस्त शिक्षकों के लिए एक आवश्यक और अनिवार्य मंच बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से शिक्षकों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है और वे अपनी उपलब्धियां व समस्याओं को एक उचित मंच के माध्यम से सबके सामने प्रस्तुत कर पाते हैं। स्नेह सम्मेलन में असीम गौतम प्रांत प्रमुख, डी.के. सिंगौर प्रांतीय अध्यक्ष ट्राईबल वेलफेयर टीचर एसोसिएशन, डॉक्टर विजय तिवारी जिला संगठन मंत्री जबलपुर, आशीष तिवारी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जबलपुर, दिनेश मिश्रा जिला सचिव जबलपुर, सत्य प्रकाश त्यागी सहसंयोजक नरसिंहपुर, प्रवीण पाराशर नगर सचिव जबलपुर, कालीचरण राय उपाध्यक्ष जबलपुर, मेघराज नागपुरेजिला संगठन मंत्री बालाघाट, दामेंद्र मन्दरेले तहसील अध्यक्ष खैरलांजी बालाघाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहते हुए अपने विचार रखें। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा आयोजित स्नेह सम्मेलन में जिले के विभिन्न विकासखण्डो, तहसीलों से शिक्षक, शिक्षिकाओं की भारी मात्रा में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बीजाडांडी से रतन मरकाम, मागनलाल यादव, बिछिया से सुमेर सिंह धुर्वे, निवास से विमल धर द्विवेदी, घुघरी के अंकुर दास सोनवानी, कमलेश द्विवेदी, नारायणगंज के राजीव वर्मा , मंडला से शैल दुबे, राजकुमार सिंगौर, अखिलेश चंद्रौल, मनोज चंदेल, मांगन यादव, नैनपुर से श्री सोनी आदि ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर अपने विचार रखें। भविष्य में भी इसी तरीके के कार्यक्रमों की पुनरावृत्ति के संकल्प के साथ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करने के उपरांत राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्नेह सम्मेलन के सफल संचालन में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंडल के विभिन्न पदाधिकारीयों, सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। जिनकी लग्नशीलता और एक अच्छी टीम भावना से इस कार्यक्रम को चार चांद लगे। आभार प्रदर्शन दिनेश दुबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रियदर्शन पटेल ने किया।



नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### टैक्स वसूली के दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों से की मारपीट

गाडरवारा। सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभांशु पिता राजेश कुमार गुप्ता उम्र 31 साल निवासी वार्ड क्रमांक 8 द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते मै नगर परिषद सालीचौका में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत हूं और संपत्ति तथा जलकर बसूली का कार्य करता हूं। बीते हुये दिवस जब में अपनी साथी कुलदीप रोहेला के साथ नगर के टावर मुहल्ला निवासी नंद किशोर रजक के घर टैक्स बसूली करने के लिये करने के लिये गये हुये थें तो पता चला की वह घर पर नही है। इसके बाद हम उनकी सब्जी बाजार स्थित दुकान पर पहुंचे जहां पर उनका लड़का जितेन्द्र मिला तो हमने उससे बोला की आपके पापा के नाम से नगर परिषद का मकान तथा पानी की टैक्स बकाया है उन्हें बोल देना की जमा कर देवे। उसी दौरान जितेन्द्र गंदी गंदी गालिया देते हुये बोलने लगा कि तुम्हारी बजह से मेरा प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम नही आया है। इस बात पर प्रार्थी द्वारा कहा कि उस योजना के संबंध में हम नही बता सकते है। इसी बात को लेकर वह गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### चार पहिया गाड़ी की टक्कर से पहुंची चोट

गाडरवारा। नगर के पुलिस िाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर की गिरी कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा साला छोटू उर्फ पवन केवट बनखेड़ी से आ रहा था उसी दौरान शनि मंदिर के पास एक चार पहिया गाड़ी क्रमांक MP20CG3273 के चालक द्वारा तेज गति तथा लापरवाही पूर्वक अपनी वाहन को चलाकर प्रार्थी के साले की मोटर साईकिल में पीछे से टक्कर मारते हुये चोट पहुंचाई। घटना को लेकर प्रार्थि की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### उधारी के पैसों मांगे जाने पर महिला के साथ की मारपीट

गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब लोगों को किसी से कोई चीज उधार लेना होती है तो अच्छे से व्यवहार पालते हुये काम निकाल लेते है। इसके बाद जब उधारी मांगने की नौबत आती है तो आंखे दिखाने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम गौड़ी झिरिया गांव में उस समय देखने मिली जब एक विधवा महिला ने अपने जेठ के बेटे को उधारी पर सामग्री दिलवा दी गई। मगर जब उसने वह पैसे मांगे तो आरोपी द्वारा माँ व बेटी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम गौड़ी झिरिया निवासी एक विधवा महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये साल मई माह में अपने जेठ के बेटे राजा गौड़ को बहन की शादी के चलते कुछ जरूरी समान उधारी पर उठवा दिया गया था। मगर जब वह उधारी के पैसे मांगे गये तो पैसा देने से मना कर दिया गया। जब प्रार्थिया अपने बेटी के साथ कही जा रही थी उसी दौरान आरोपी रास्ते में मिला ओर माँ बेटी को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया हे।

### गरीब के साथ मारपीट करते हुये तोड़ दी टपरिया

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया शुगर मिल के पास निवास करने वाले एक गरीब युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं बीते हुये दिवस जब अपनी टपरिया के अंदर सो रहा था उसी दौरान ग्राम नयागांव निवासी अटल, सूरज व छोटू आये और गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गालिया देने से मना किया तो मारपीट करते हुये प्रार्थी की झोपडीनुमा टपरिया में तोड़फोड करते हुये क्षति पहुंचाई।

आये दिन लोग इन पर चढ़कर मचाते हैं आंतक, रहवासी क्षेत्रों में स्थापित होने से मानव जीवन को बड़ रहा खतरा...?

# शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों को दरकिनार करते हुये स्थापित किये मोबाईल टावरों में नही है कोई सुरक्षा के इंतजाम

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर इस समय लोगों में अनेक प्रकार की नई नई बीमारी आये दिन जकड़ते हुए देखी जा रही है, उसका प्रमुख कारण यह माना जाता है कि लगातार बढ़ रही भौतिक बादी सुविधाओं की प्रमुख देन है। क्योंकि जहां लोगों द्वारा खान पान का ध्यान नही रखा जा रहा है। वही दूसरी ओर आमजन के लिए सुविधा जनक माने जाने वाले साधनों से पैदा होने वाली तरंगे भी बीमारियों का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जिस प्रकार से शहरों में रहवासी क्षेत्रों में जो मोबाईल टाबरों की स्थापना हो रही है जो कही न कही अनेक प्रकार की बीमारियों को बढ़ावा देने में प्रमुख रूप से सामने आने से नही चूक पा रही है? विशेषज्ञो के अनुसार सेल फोन टॉवरों से भी मानव शरीर को विशेष दुष्प्रभाव पड़ता है, जिसे ध्यान में रखते हुए शायद पूर्व में मा. न्यायलय द्वारा इन्हे स्थापित करने के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन करने का आदेश दिया गया था। मगर शायद ही उस आदेश का कही पालन होते हुए दिखाई दे रहा हो...? क्योंकि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये अनेक टावरों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई है कि जहां इन टाबरों में रात के समय लाल सिंग्नल ही नजर नही आ रहे है तो वही दूसरी संबंधित द्वारा न इन टावरों को रख रखाब किया जा रहा है और नही





ही इनकी पुताई की जाती है जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि संबंधित विभाग द्वारा इन टाबरों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार से कोई प्रबंध नही किये जाने के कारण लोग इन पर चढ़कर आंतक मचाते हुये भी देखे जाने लगे है...? जिसकी सच्चाई बीते हुये वर्ष गाडरवारा व सांईखेड़ा व डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम पपरा के बाद समीपस्थ ग्राम गोटीटोरिया में भी देखने मिल चुकी है। जबकि नियम के अनुसार इन टाबरों की सुरक्षा के लिये संबंधित कंपनी के द्वारा चौकीदार नियुक्त होता है तो दूसरी ओर ऊँचाई स्पष्ट करने के लिये सफेद व लाल रंग में पुताई करने का नियम होता है..? मगर शहर से लेकर गांव गांव स्थापित किये गये इन टाबरों में न तो कोई सुरक्षा कर्मी नजर आते है और न ही इनकी पुताई की जा रही है जिसके चलते लोगों को नजर ही नही आते है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जहां तहां स्थापित होने वाले इन सेल टाबरों से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर नगरीय क्षेत्रों में सेल फोन टॉवर स्थापित करने के लिये म.प्र. मानव अधिकार आयोग ने कम से कम ऐसे भूखंडों का चयन करने को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई है, जिनका आकार ढाई सौ फूट हो, इन भूखंडों पर सेल फोन टॉवर के लिये स्थापित की जाने वाली मशीनों और जनरेटर से 100 फूट की त्रिज्या में कोई भी रहवासी आवास न हो और टॉवर स्थापित करने के लिए जनरेटर की चिमनी की ऊंचाई न्यूनतम 30 फूट अथवा पास की ऊंचे आवासीय भवन से 20 फूट अधिक होना चाहिए? वही बताया जाता है कि पूर्व में ही इस संबंध में आयोग ने सिफारिश की गई थी कि ढाई हजार वर्ग फूट तक के आवासीय भूखंडों पर स्थपित टॉवर तत्काल हटाये जाने चाहिये तथा रिहायशी कॉलोनियों में मकानों की छात पर स्थपित टॉवरों से लोगों की जान और माल की क्षति का खतरा बना रहता है। इसलिए टॉवरों की ऊंचाई इतनी हो कि उनके गिरने से कोई जनहानि न हो साथ ही साथ टॉवर स्थापित किये जाने वाले स्थान को वायर फैसिंग और चार दीवारी बनाकर सुरक्षित रखा जाना चाहिये तथा विद्युत या डीजल जनरेटर से संचालित होने वाले टॉवरों में ध्वनि प्रदूषण न हो इसका विशेष ध्याान रखा जाना चाहिये? जानकारी के अनुसार आयोग की पहल पर शासन ने सेल फोन टॉवर से निकलने वाली विद्युत चुंबकीय विकिरणों के दुष्प्रभावों का अध्ययन करने के लिये विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ये विद्युत चुम्बकीय विकिरणें माताओ, गर्भस्था में शिशुओं ओर बालकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कंपनियों द्वारा अपनी मनमर्जी के अनुसार टाबर खड़े कर दिये गये है जहां पर लोग निवास करने के शिक्षण संस्थाओं के आलवा स्वास्थ्य केन्द्र भी मौजूद है। अनेक जगहों पर तो इस प्रकार से देखा जाता हे कि जहां पर सेल फोन टाबर लगे है उन्ही भवनों में स्कूल संचालित हो रहे है साथ ही साथ नगर में अनेक रहवासी इलाकों में टाबर खडे करने से आमजनों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहे है? इस प्रकार से निर्धारित माप दंडो को दर किनार करते हुए शहर से लेकर गांवों में स्थापित किये गये टाबर अपनी सच्चाई खुद ही उजागर करने से नही चूक रहे है..? जिनका जहां दिन के समय कलर ही दिखाई न देता है और रात के समय लाल सिंग्नल तक गायब रहता है। वही दूसरी ओर टाबरों के पास किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद न रहने के कारण आये दिन लोग इन टाबरों पर चढ़कर हंगामा खड़ा करने से भी नही चूक रहे है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते लोगों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ होने की संभावना के साथ साथ बगैर सिंग्नल वाले टाबरों से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? जहां तहां स्थापित हो रहे टाबरों को लेकर लोगों का कहना है कि निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों को जरा से धन का प्रलोभन देते हुए उनके भवनों पर टाबर खडा करने के लिए तैयार तो कर लेते है, मगर वह मकान मालिक जरा से धन के लालच में आकर अपने भविष्य को दाब पर लगाने से भी नही चूक रहे है।

# जिला स्तरीय महिला कांग्रेस की बैठक में बोली विभा पटैल, महिला अत्याचार की घटनाओं में हमारा प्रदेश नम्बर एक पर पहुंच चुका है...

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की की अध्यक्ष श्रीमति विभा पटैल का बीते हुये दिवस नगर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली गई। इस मौके पर भारी संख्या में जिले भर की महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लेकर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया । महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने बैठक को संबोधित कर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में महिला उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मासूम बच्चियों व महिलाओं के साथ दुष्कर्म की वारदातें हो रही है। इस तरह महिला अत्याचार के मामले में मध्य प्रदेश एक नंबर पर पहुंचता नजर आ रहा है और प्रदेश की भाजपा सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। हाल यह बन चुका है कि प्रदेश में प्रतिदिन 20 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं सामने आने से नही चूक रही है। अनेक मामलों में तो खुद ही सत्ताधारी पार्टी से जुडे हुये लोगों के चेहरे सामने आते हुये देखे जा रहे है। हाल यह बन चुका है कि अब महिलाये व बेटियाँ अपने घरों के अंदर तक अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से नही चूक रहे है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी महिलाओं के सम्मान एवं उनको न्याय दिलाने के लिए पूरे प्रदेश में बेटी बचाओ पखवाड़े का आयोजन कर धरना प्रदर्शन के माध्यम से



प्रदेश की सरकार को जगाने का काम कर रही है। यह महिला कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा । जिला से लेकर ब्लाक स्तर पर भी धरना प्रदर्शन किए जाएंगे । पटैल ने कहा कि जिला कांग्रेस जल्द से जल्द संगठन का विस्तार करें महिलाए एकजुट होकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करे ओर आने वाले समय मे नाकारा निकम्मी सरकार को प्रदेश से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहे। क्योंकि भाजपा सरकार जिस प्रकार से बेरोजगारी महंगाई, अत्याचार के मामलों में मौन धारण कर झूठे सपने दिखाकर धर्म जाती के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही है। इस मौके पर क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटेल नव रात्रि पर मौन ब्रत होने के बाद भी उन्होंने इशारे से विभा पटेल के संबोधन का समर्थन किया। वही महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री गाडरवारा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनीता रविशेखर जायसवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की करनी ओर कथनी में बहुत अंतर है7 आज पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल बन चुका है हाल यह बना हुआ है कि बेटी, बहुओं से लेकर महिलाये अपने घरों के अंदर तक अपने आपको असुरक्षित करते हुये देखी जा रही है। आये दिन महिलाओं वे बेटियों के साथ घटनाये घटित होना आम बात हो चुकी है। जिसकी सच्चाई नरसिंहपुर जिले में देखी गई है कि एक माह के अंदर मासूम बेटियों से लेकर युवतियों के साथ लगातार दुष्कर्म व हत्या की घटनाओं ने प्रदेश सरकार को आईना दिखाते हुये कटघरे में खड़ा कर दिया गया है। इस तरह नरसिंहपुर जिले में लगातार दुष्कर्म की घटनाएं हुई जिस पर महिला कांग्रेस ने विरोध जताया । जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं के हक के लिए लगातार लड़ाई लड़ रही है प्रदेश सरकार को चेताने के लिए महिला कांग्रेस बेटी बचाओ पखवाड़ा गाँव गाँव, नगर, वार्डो में चलाकर महिलाओं को जागृत करेगी । जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव ने कहा कि जिले में अभी अभी हुई दुष्कर्म की घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे प्रदेश का क्या हाल है । भाजपा एक तरफ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है। मगर वहीं भाजपा के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं है तो फिर इस तरह के झूठे नारे सिर्फ आमजन को गुमराह के आलवा कुछ नही है..? नारी शाक्ति को सड़कों पर उतरकर सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए सबक सिखाना होगा। इस मौके पर महिला कांग्रेस की ब्लाक अध्यक्ष संगीता जायसवाल ने भी भाजपा सरकार की दोगली नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सभी मोर्चो पर असफल है। महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों से भाजपा सरकार दूर भाग रही है । बैठक का संचालन करते हुए श्रीमति चांदनी दीक्षित ने भाजपा सरकार की जमकर आलोचना करते हुए कहा अब नारी शक्ति जाग चुकी है। अब पूरे प्रदेश में महिला कॉग्रेस का बेटो बचाओ पखबाड़ा संगठन को शक्ति प्रदान करेगा । बैठक के अंत में श्रीमति सुरेखा सैनी ने आभार प्रदर्शन करते हुए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रही ।

## नवरात्र के दौरान ग्राम सूखाखैरी में बह रहे धर्म की गंगा में गोता लगा रहे भक्तगण

### भगवान ज्ञानी को नहीं सच्ची भक्ति करने वाली भक्त को दर्शन देते हैं- पं. वीरेन्द्र शास्त्री



**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी के सोनी परिवार द्वारा 2 अप्रैल से से 8 अप्रैल तक आयोजित किये गये संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन देखा जा रहा है कि जहां भक्तो की संख्या उमड़ रही है। वही दूसरी दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कथा व्यास के रूप में ग्राम तेंदूखेड़ा छोटा से पधारे हुये कथा वाचक प. वीरेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का अपनी मृतपूर्ण वाणी से वर्णन किया जा रहा है उसके चलते श्रोतागण भाव विभोर होने से नही चूक रहे है। कथा के के दौरान शास्त्री द्वारा भगवान के चरित्र का वर्णन सुनाने के साथ शिव पार्वती की कथा सुनाई गई। भगवान की कथा का वर्णन सुनाते हुये वीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा सुनना और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा आपने भक्त को पाना चाहता है, जितना भक्त भगवान के बिना अधूरा है उतना ही अधूरा भगवान भी भक्त के बिना है। भले की कोई व्यक्ति कितना ही धनवान व ज्ञानी क्यों न हो मगर भगवान ज्ञानी को नही अपितु भक्त को ही दर्शन देते हैं। जो भक्त सच्चे मन से भगवान को पुकारता है तो भगवान उसी को प्राप्त होते है। भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहते थे। मगर उनके पिता हिरण्य कश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे। इस तरह पुत्र को भगवान विष्णु की भक्ति करते देख उन्होंने उन्हे ही जान से मारने की ठान ली थी। मगर प्रभु पर सच्ची निष्ठा और आस्था की वजह से हिरण्यकश्यप प्रह्लाद का कुछ भी अनिष्ट नहीं कर पाए। वही महाराज जी ने कथा में आगे बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धनसंपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए, इस जीवन में परोपकार करों। क्योंकि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोहग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। इस दौरान कथा में जड़ भरत चरित्र का वर्णन करते हुए यह बताया कि जो संत संसार का संग करते हैं, उन्हें पतन की ओर जाना पड़ता है, पर जो संसारी लोग संत का संग करते हैं, उनकी स्थिति उच्च हो जाती है। इसलिए संत को संसार के पदार्थों की आसक्ति से दूर रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो हम पाप करते हैं वही एक प्रकार से नर्क की प्राप्ति कराने वाला होता है। पाप कर्म से बचना व तुच्छ कर्मों से बचना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

## अनुविभागीय अधिकारी कलावती द्वारा बीटीआई स्कूल पहुंचकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम में हुई शामिल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बी टी आई मे बीते हुये बुधवार को मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग के स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कलावती ब्यारे अनुविभागीय अधिकारी शामिल हुई। कार्यक्रम मे अध्यक्षता करते हुये प्रतुल इंदुरख्या विकासखंड शिक्षा अधिकारी साइखेड़ा द्वारा शासन की योजना के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप मे संदीप स्थापक बी आर सी साइखेड़ा, योगेंद्र वाजपेई उमंग किशोर परामर्शदाता सिविल हॉस्पिटल गाडरवारा शामिल हुए। कार्यक्रम मे अतिथियों ने संस्था प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल की उपस्थिति मे मां सरस्वती के चित्र का पूजन करते हुये कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वही एसडीएम श्रीमति ब्यारे ने विद्यालय के प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने स्वयं की जीवन शैली के बारे में जानकारी देते हुये उन्होंने व्यक्तित्व और कैरियर निर्माण में शिक्षा कैसे सहयोगी हो सकती है इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। वही दूसरी ओर शिक्षकों को पढ़ाई के अलावा सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों को ज्ञान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम मे प्राचार्य श्रीमती पटैल ने नए भविष्य से भेंट कार्यक्रम के साथ नए शैक्षणिक वर्ष की नवीन योजना से जुडी जानकारी देने के अलावा कार्यक्रम में राजेश दुबे , शिल्पी गुप्ता, सरिता मालवीय, सुषमा तिवारी, मनमोहन शर्मा, के के राजोरिया द्वारा भी विद्यार्थियों से अपने-अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम का संचालन अर्पणा ब्राउन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के बलिराम अहिरवार, पुष्पा बरहैया,केवी कौरव,प्रमोद राय, सविता मिश्रा,गीता राय, गोपाल साहू सरिता कटारे,कुंती मेहरा, राघवेंद्र शर्मा अंकिता जायसवाल,रामदेवी पटेल, विवेक दीक्षित,अवधेश श्रीवास्तव, रोहित बाल्मिक रिनी जैन उपस्थित रहेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नव रात्रि पर्व पर चैतन्य देवी श्रृंगार कर प्रस्तुत की गई झांकियाँ



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नवरात्रि के पावन पर्व पर उर्मिला बहन जी व सभी बहनों ने उपस्थित माता बहनों को मुकुट चुन्नी उड़ाकर सम्मान किया एवं चैतन्य देवियों की पूजा अर्चना कर अपने आप को गौरांवित महसूस किया। इस दौरान संस्था के गोविंद भाई ने देवी भक्ति गीत पर बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वही बहन जी ने मौजूद सभी माता बहनों को देवी स्वरूप में स्थित होकर 9 दिन तक खूब उमंग उत्साह भारी विश्व को प्रकाश देने व सेवा करने को कहा गया। इसके पश्चात सभी भाई बहनों को बहन जी ने मुकुट हार चुनरी पहनाकर तिलक लगाकर भावना के साथ सम्मान किया । इस मौके पर बहुत सुंदर मनोरम दृश्य नजर आ रहा था।

### नवरात्र के दौरान नगर के खेरापति मंदिर में जल ढारने तो रात में आरती के लिये उमड़ रही भीड़

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** चल रहे चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जहां चारों ओर धार्मिक कार्यक्रमों के चलते संपूर्ण महौल मातारानी की आराधना में डूबा हुआ दिखाई पड़ रहा है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की रक्षक माने जाने वाली महारानी खेड़ापति मंदिर में देवी मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह 4 बजे से जहां खेरापमि मंदिर में जल ढारने वाली महिलाओं की भीड़ उमडते हुये देखी जाती है। वही शाम के भक्त मातारानी के दर्शन व महाआरती में शामिल होकर भक्त जन पुण्य लाभ लेने से नही चूक रहे है। इस प्रकार नगर के खेरापति मंदिर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना और प्रसादी वितरण किया जा रहा है। सुबह होते ही दर्शनार्थी जल चढ़ाने पहुंचने लगते हैं और अपार श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ देवी मां की आराधना में लीन होकर उपवास कर रहे हैं। खेड़ापति मंदिर में 4 अप्रैल को घट 51 कलश की स्थापना की जाएगी। मंदिर को विद्युत साज-सज्जा से रोशन किया गया है। नगर और आसपास के क्षेत्र से धर्म प्रेमी जनता मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रही है। मंदिर समिति द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### शहीद नगरी चीचली की शालाओं में उत्सव के साथ किया गया निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शासन के आदेश अनुसार बीते हुये दिवस स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान 2025 के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर योगेश कौरव द्वारा विद्यार्थियों को समय की सार्थकता, निश्चित टाइम टेबल, उचित मार्ग दर्शन तथा सत्र प्रारंभ से ही लक्ष्य निर्धारण की बात कहते हुये उनके द्वारा विद्यालय को हर संभव सहायता देने की बात पर बल दिया गया। इसी प्रकार से भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव के द्वारा विभिन्न उदाहरणो के साथ विद्यार्थियों को भगवान राम, स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की बात कही गई। इसी प्रकार से भाजपा नेता के एल साहू, चंद्रकांत गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी द्वारा भी संबोधित किया गया। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल द्वारा चार दिवसीय शाला प्रवेश उत्सव से संबंधित समस्त गतिविधियों से परिचय तथा विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा विद्यालय संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती तथा कन्या पूजन उपरांत नवीन बच्चों का रोली तिलक लगाकर स्वागत तथा निशुल्क पाठय पुस्तकों के सेट वितरित किए गए। इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में रजनी सराठे, सुलेखा शर्मा, सत्यम ताम्रकार, शिवम नागा, के आर रजक,भारत ताम्रकार सहित उत्कृष्ट विद्यालय चीचली एवं एकीकृत कन्या माध्यमिक शाला चीचली का समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक विनीत नामदेव तथा आभार प्रदर्शन हेमंत शुक्ला द्वारा किया गया।

## नाबालिक बालक व बालिकाओं को सशक्ति कर लगातार चलाया जा रहा है एक और पहल अभियान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नाबालिक बालक एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के मार्ग दर्शन में चलाए जा रहे अभियान एक और ''पहल'' के तहत अनुभाग गाडरवारा के विभिन्न स्कूलों पुलिस अधिकारियों द्वारा दी गयी समझाईस। बताया जाता है कि जिला पुलिस द्वारा पूर्व से चलाए जा रहे अपराजिता अभियान के तहत एक और ''पहल'' करते हुए नाबालिक बालक एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है ताकि नाबालिकों द्वारा किसी के बहकावे में आकर घर छोडकर जाने की घटनाओं पर अंकुश लाया जा सके। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस के अनुभाग गाडरवारा अंतर्गत ''पहल'' के तहत गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कौडिया गर्ल्स हायर सेकन्ड्री स्कूल एवं गायत्री विद्यपीठ, सालीचौका कन्या शाला तथा इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेडा थाना के अंतर्गत सीपीए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तथा डोगरगांव थाना के अंतर्गत ग्राम खडई स्कूल एवं चीचली थाना के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय व ग्राम सूखाखैरी में शासकीय उच्चतर विद्यालय के बच्चों का समझाईस देते हुए बताया गया कि किसी के बहकावे एवं नासमझी में उठाए गए गलत कदम से जीवन में आने वाली चुनौतियां एवं कठनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार और समाज का महत्व समझाते हुए अच्छे कैरियर का मार्गदर्शन दिया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा अपील की गई कि इस मुहिम में आमजन द्वारा भी अपना सहयोग प्रदान करते हुए नाबालकों को समझाएं ताकि आपके परिवार, पड़ोस या रिश्तेदार का कोई नाबालिक बहकावे या ना समझी में भविष्य में कोई गलत कदम ना उठाये।

# कलेक्टर ने शासकीय आदिवासी बालक आश्रम और छात्रावास का किया निरीक्षण

**शहपुरा बीईओ का निलंबन प्रस्तावित, बाबू सस्पेंड...आश्रम अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस : DM कार्रवाई से हड़कंप**

डिंडौरी।

कलेक्टर मारव्या ने शासकीय आदिवासी बालक आश्रम ग्राम बड़झर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास व्यवस्था, पेयजल, शिक्षा, भोजन गुणवत्ता, मेनू अनुसार भोजन, अध्ययन कक्ष, शौचालय सुविधा, साफ सफाई, सुरक्षा,स्टॉक रजिस्टर, खाद्य वितरण पंजी, खाद्य भंडार पंजी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।





कलेक्टर ने अधीक्षक से जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि 2016 से आज दिनांक तक कोई स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर आश्रम अधीक्षक कमलेश गौलिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी को नियमित रूप से छात्रावासों और विद्यालय का निरीक्षण न करने पर निलंबन की कार्यवाही करते हुए कलेक्टर मारव्या ने निलंबन का प्रस्ताव कमिश्नर जबलपुर की ओर प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ सहायक आयुक्त कार्यालय डिंडौरी में पदस्थ राजेश मरकाम के द्वारा जिले के संचालित छात्रावासों का सुपरवीजन न करने एवं छात्रावासों को वितरण सामग्री का संधारण सही न करने एवं छात्रावासों का सामग्री वितरण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य रजिस्टर एवं नियमित रूप से जांच न करने और तैयार न करने पर निलंबित करने के निर्देश दिए। तत्संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रावास भवन की व्यवस्थाओं को ठीक कराएं। पेयजल के लिए आरओ सुविधा का प्रबंधन समय-समय पर कराएं। इसी प्रकार शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास बरगांव, शहपुरा में भी अधीक्षक मानसिंह परस्ते से कलेक्टर के द्वारा भंडार पंजी, स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी, जिले से प्राप्त सामग्री आदि रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए गए। और अधीक्षक ने बताया कि सभी सामग्री जिला मुख्यालय से प्राप्त होती है। ग्रामीणों से की चर्चा कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गांव के मुद्दों की जानकारी ली। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया और जानकारी दिए कि ग्राम पंचायत बरगांव में छः साल से जल फिल्टर प्लांट एवं टंकी की सफाई न होने पर कीडे एवं अशुद्ध पानी सप्लाई होने के कारण गांव में शुद्ध पेयजल की समस्या आ रही है। जिस पर कलेक्टर ने पीएचई कार्यपालन यंत्री को तीन दिवस के अन्दर फिल्टर प्लांट साफ करने एवं गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### टिकरिया माध्यमिक एकीकृत विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**शहपुरा -** नए शिक्षा सत्र के आरंभ होते ही विद्यालय खुल गए हैं। अनेक स्कूलों में सत्र के पहले दिन 1 अप्रैल 2025 को प्रवेश उत्सव मनाया गया। वहीं शासकीय माध्यमिक एकीकृत स्कूल टिकरिया माल में प्रवेश उत्सव के दौरान शहपुरा जनपद क्षेत्र के उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल ग्राम टिकरिया के सरपंच गोपाल सिंह तेकाम, उपसरपंच संदीप गोलियां, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ओम शंकर झारिया सहित ग्रामीण और पालकगण मौजूद थे वहीं छात्र छात्राओं का स्कूल में सैलाब उमड़ पड़ा। प्रवेश उत्सव में शिक्षकों ने उनका परिणाम घोषित कर पुरुस्कृत करते हुए बच्चों का स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं के साथ पालकों का इस मौके पर तिलक लगाकर विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ ने स्वागत किया। प्रथम दिवस मध्याह्न भोजन व्यवस्था पुनः लागू हुई। इस मौके पर छात्र छात्राओं को खीर,पुड़ी, सब्जी,अचार और सलाद खिलाया गया।इसमें विद्यालय में बेहतर शिक्षा प्रबंध किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। पालकों ने बैठक में अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का वचन दिया। इस दौरान शहपुरा जनपद क्षेत्र के उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल ग्राम टिकरिया के सरपंच गोपाल सिंह तेकाम, उपसरपंच संदीप गोलियां, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ओम शंकर झारिया,शिक्षिका गिरिजा झारिया आशा उलाड़ी,शिक्षक संतोष कछवाहा,नारायण रजक, गणेश मरावी, मिथलेश साहू,पुनीत सहित सहित छात्र-छात्राएं एवं पालक गण मौजूद रहे।

### निषाद राज गुहा की शहपुरा में मनाई गई जयंती



**शहपुरा-**भगवान श्री राम के परम मित्र राजा निषादराज गुहा का जन्मोत्सव शहपुरा नगर के बर्मन समाज के द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया शहपुरा नगर के प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में भगवान श्री राम दरबार एवं राजा निषाद राज के पूजन अर्चन के पश्चात भाव जल समारोह निकाला गया जो शहपुरा नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ निकाला गया इसके पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में बर्मन समाज सहित शहपुरा नगर की नागरिक गण सम्मिलित हुए

### भाजपा मण्डल शहपुरा एवं मानिकपुर की बैठक हुई संपन्न



**शहपुरा-**भारतीय जनता पार्टी मण्डल शहपुरा एवं मानिकपुर की बैठक भाजपा कार्यालय शहपुरा में आयोजित हुई जिसमें आगामी 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर और स्कूल चले अभियान जैसे कार्यक्रमों को वृहद स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यकर्ताओं कोसंबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के लंबे सफर में हमारी पार्टी के पूर्वजों ने अपने खून पसीने से पार्टी को सींचकर इस स्थिति तक खड़ा किया है आज देश और देश के कई प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारे आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस में प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर पार्टी का ध्वजारोहण अवश्य करें और कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के इतिहास के बारे में जानकारी दें।

# संस्कार पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

शहपुरा

संस्कार पब्लिक हाई स्कूल शहपुरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न इस अवसर पर मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी डी पटेल, पंडित कालिका प्रसाद शास्त्री मानस मधुर जबलपुर , संरक्षक आर एस गुरुदेव, पंडित राजेंद्र प्रसाद तिवारी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बी पी झारिया की अध्यक्षता में किया गया। संस्था के संचालक ने कहा, "यह कार्यक्रम हमारे छात्रों की प्रतिभा और मेहनत को प्रदर्शित करने का एक अवसर है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है।"कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, गायन, और नृत्य प्रदर्शन किए गए। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इसके अलावा, स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया, जिसमें विज्ञान, कला, और संस्कृति से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम के शुरुआत में, मुख्य अतिथियों के द्वारा विद्यालय में विराजित मां सरस्वती मंदिर में आचार्य संदीप जी के द्वारा मंत्रोचार के साथ दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ प्रारंभ हुआ स्कूल के संचालक वह अतिथियों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए। शैक्षणिक सत्र के परीक्षा परिणाम में जिन छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय एव तृतीय





स्थान प्राप्त किये उनका भी सम्मान किया गया। कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान प्रतिज्ञा झारिया ने 95.78% बनाकर प्राप्त किया। द्वितीय स्थान श्रेयांश साहू ने 93.33% बनाकर प्राप्त किया एवं तृतीया स्थान में रितिका कुलस्ते ने 90.89% प्राप्त किया कक्षा एवं एल के जी में नितेश साहू ने 96.67% प्रथम स्थान प्राप्त किया गौरव कुमार झारिया ने 96.22% बनकर द्वितीया स्थान प्राप्त किया एवं भूपेन्द्र झारिया ने 96% बनकर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यू केजी में राज रतन सूर्यवंशी ने 99.56 प्रतिशत बनाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर स्पर्श साहू ने 99.33 प्राप्त किया एवं लक्षिता तेकाम ने 97.33% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली में प्रथम स्थान पर दर्शन साहू ने 96.67% एवं द्वितीय स्थान पर अनिका साहू 94% प्राप्त की तृतीय स्थान पर प्रियांशी झारिया ने 93.33% बनाया। कक्षा दूसरी में लय झारिया ने प्रथम स्थान अर्जित किया जिनका वार्षिक परीक्षा परिणाम 98.44% रहा द्वितीय स्थान पर पर्णिका तिवारी ने 98% अर्जित किया एवं तृतीय स्थान आर्यवीर पाठक ने 96.67% प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान बनाया कक्षा तीसरी में रावी पटले ने 95.17% प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित की द्वितीय स्थान पर मेघा झरिया 92.6 पर 67% बनाया तृतीय स्थान पर सौम्या गौतम ने 88.33% प्राप्त की कक्षा कक्षा चौथी में प्रिंस कुमार उइके ने 94% बनाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर हार्दिक साहू 90.17% एवं तृतीय स्थान पर संयोग झरिया ने 89% हासिल किया। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा कक्षा पांचवी में स्मृति साहू ने 85.75 % के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। द्वितीय स्थान पर मानवी साहू 83.75 एवं तृतीय स्थान पर अमरवती उइके ने 83.2 5% प्राप्त की। कक्षा छठी में प्रथम स्थान पर दीक्षा साहू ने 90.58% द्वितीय स्थान पर सूजल बघेल 86.02 एवं तृतीय स्थान पर ओंकार साहू 82.32% अर्जित की कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान पर गौरव रजक 94.28% प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया द्वितीय स्थान पर रिदिमा बघेल रही जिनका प्रतिशत 83.17 एवं तृतीय स्थान पर लक्ष्मण गुप्ता 73.60 प्रतिशत बनाकर शिक्षा में तृतीय स्थान हासिल की कक्षा कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर नम्रता ठाकुर 95.16% एवं द्वितीय स्थान पर संस्कृति झारिया 94.16% एवं वैष्णवी शर्मा ने 91% बनाकर कक्षा में तृतीय स्थान बनाया। कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा में संस्कृति झारिया एवं नम्रता ठाकुर ने गणित विषय पर 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 9 वी में प्रथम स्थान पर पवन ठाकुर रहे। नवोदय चयन परीक्षा में विद्यालय से चयनित मानवी साहू एवं नितेश तेकाम को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके उत्तरोत्तर प्रगति की मंगल कामना प्रेषित की। आईएस गुरुदेव द्वारा ओवरऑल परफॉर्मेंस अवार्ड के लिए लय झारिया को चुना गया जिसे ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। लय झारिया के ओजस्वी भाषण ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। हाउस ऑफ़ द ईयर अवार्ड विद्यालय के डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम हाउस को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए और स्कूल के विकास और प्रगति के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।



# एक जिला एक उत्पाद को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला हुई आयोजित

**डिंडौरी** । राज्य औषधि पादप बोर्ड मध्य प्रदेश के देवारण्य योजना अंतर्गत एक जिला एक औषधि उत्पादन परियोजना के संबंध में आयुष विभाग डिण्डोरी द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र डिण्डोरी में दो दिवसीय प्रशिक्षण सरस्वती पूजन दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में आयुष चिकित्सा अधिकारी सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी,कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ द्वारा जिला स्तर पर एक एक जिला एक औषधि उत्पाद अंतर्गत चयनित तुलसी के बारे में कृषि संग्रहण, भंडारण, विपणन विक्रय आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर पी.एल.अंबुलकर, डॉक्टर रेणु पाठक, डॉक्टर श्वेता मसराम उपसंचालक उद्यान की विभाग के द्वारा उक्त विषय में प्रशिक्षण दिया गया । औषधि फसल तुलसी की उन्नत कृषि एवं उत्पाद के संग्रहण के संबंध में जानकारी दी गई प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में सफल कृषक व भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू ने जैविक कृषि व औषधीय पौधों के महत्व के बारे में संक्षिप्त जानकरी दिए। इस कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ.संतोष परस्ते, शिवकुमार झरिया ग्रामीण आजीविका मिशन से पुरुषोत्तम, वर्षा मरकाम,डॉक्टर समीक्षा सिंह, डॉक्टर गायत्री श्याम, डॉक्टर अनुपम परस्ते, डॉ राजीव साहू, डॉ भूपेंद्र मथानिया, डॉक्टर रतन सिंह धुर्वे, डॉ आशीष सैयांम, डॉ संदीप वाडकर, डॉ रवि परस्ते, डॉक्टर खुशबू गुलवानी, डॉक्टर शुभम देवी परस्ते, डॉक्टर रंजीत धुर्वे उपस्थित रहे प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनों के द्वारा ब्लॉक स्तर पर महिला स्वास्थ्य सहायता समूह कृषक एवं वन समिति के सदस्यों की ट्रेनिंग कराई जाएगी यह प्रशिक्षण अप्रैल माह में विकास खंड स्तर पर होगा ।



# कालेज में जल संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन

डिंडौरी ।

करंजिया मुख्यालय के शासकीय महाविद्यालय परिसर में बुधवार को इको क्लब के माध्यम से विश्व जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष में विषयानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रमोद कुमार वास्पे ने छात्र छात्राओं को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जल संरक्षण आज केवल एक आवश्यकता बस नहीं, बल्कि यह हम सबकी जिम्मेदारी हैं इसलिए भविष्य में जलसंकट की स्थिति से निपटने के लिए जल को व्यर्थ न बहाएं इसके सहेजने के मजबूत उपायों के साथ अभी से बूंद बूंद बचाने का प्रयास किया जाना होगा । उन्होंने इस दरमियान उपस्थित जनों ने जल संरक्षण की शपथ लेकर अपने दैनिक जीवन में जल बचाने के लिए संकल्प को दोहराया। शिक्षिका डॉ अनिता पटेल ने जल संरक्षण के माध्यम से पानी के उपयोग तथा ताजा स्वच्छ जल को सुरक्षित रखने पर विचार व्यक्त किया डॉ प्रेम शंकर साहू ने बताया कि जल संकट से बचने के लिए जल संरक्षण आवश्यक है आज के समय में औद्योगिककरण एवं शहरीकरण के कारण कुआं और तालाब में लगातार कमी में तेजी आ रही हैं वहीं भूमिगत जल का स्तर भी लगातार गिरता जा रहा हैं। कार्यक्रम मे डॉ शमसेर पटेल,रूपेश सिंह, शत्रुशुदन सिंह एवं छात्र छात्रों के साथ कालेज के प्रोफेसर मौजूद रहें।

# प्राचीन देवी मढ़िया में जगमगा रहे 90 मनोकामना ज्योति कलश

डिंडौरी ।

सैकड़ों वर्षों से आस्था और श्रद्धा का केंद्र बनी प्राचीन देवी मढ़िया में नवरात्रि के अवसर पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। श्रद्धालु माता रानी की कृपा प्राप्त करने और मानसिक व आत्मिक शांति के लिए बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी नवरात्रि के प्रथम दिन भक्तों ने 90 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए, जिससे मंदिर परिसर भक्ति के आलोक से जगमगा उठा। प्राचीन देवी मढ़िया, जो सैकड़ों वर्ष पुरानी है, भक्तों की हर मनोकामना पूरी करने के लिए विख्यात है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के दौरान यहां भक्तों का भारी जमावड़ा लगता है। दूर-दराज से श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं और पूरी होने पर कलश व जवारे स्थापित करते हैं।





**अखंड ज्योति और महाआरती का आयोजन**

मंदिर परिसर में स्थित हनुमान जी के मंदिर में कई वर्षों से अखंड ज्योति प्रज्वलित हो रही है, जो भक्तों की आस्था को और भी प्रबल बनाती है। नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक यहां सुबह-शाम भक्तगण आरती करते हैं, लेकिन सप्तमी के दिन रात्रि में विशेष महाआरती का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों से माता के दरबार में पहुंचकर आरती में शामिल होते हैं।

**- भक्तिमय वातावरण और धार्मिक अनुष्ठान**

ग्राम की मातृशक्ति भी नवरात्र के इन पावन दिनों में माता के जस गीत, रामायण पाठ और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर रही हैं। मंदिर परिसर में पूरे नौ दिनों तक भक्तों का मेला लगा रहता है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर प्राचीन देवी मढ़िया में उमड़ रही भक्तों की भीड़ यह दर्शाती है कि माता रानी की कृपा से श्रद्धालुओं का विश्वास और भी दृढ़ हो रहा है। यह रही आपकी न्यूज रिपोर्ट, जो प्राचीन देवी मढ़िया में नवरात्रि के दौरान होने वाली भक्ति और आस्था को दर्शाती है। यदि आप कोई बदलाव या अतिरिक्त जानकारी जोड़ना चाहते हैं, तो बताएं!

# समस्त शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को



डिंडोरी

म.प्र.के संदर्भ में "NPS" धारी नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा में वरिष्ठता मान्य कर और समस्त कर्मचारी, अधिकारियों को पूर्व प्रचलित पुरानी पेंशन बहाल (OPS) करने बाबद। ज्ञापन के दौरान बताया गया कि

पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आन्दोलन,भारत (NMOPS INDIA) के राष्ट्रीय आह्वान हम मध्यप्रदेश के समस्त शिक्षक, कर्मचारी,अधिकारी निम्नलिखित मांग सादर प्रस्तुत करते है-

1. मध्यप्रदेश में समस्त नेशनल पेंशन स्कीम"NPS" धारी शिक्षक,कर्मचारी,अधिकारी को पुरानी पेंशन बहाल की जाए और विशेष तौर पर नवीन शैक्षणिक संवर्ग (अध्यापक संवर्ग) के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा में वरिष्ठता मान्य कर पेंशन,ग्रेच्युटी और अवकाश नगदीकरण आदि में भी इसका लाभ दिया जाए।

2. नेशनल पेंशन स्कीम "NPS" शिक्षक,कर्मचारी, अधिकारी के सेवानिवृत्त उपरांत सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन यापन के अनुकूल अभी तक सिद्ध नहीं हुई है अतः इसे अविलंब बंद किए जाने का कष्ट करे।

3.प्रस्तावित यूनिफाइड पेंशन स्कीम "UPS" से सम्बंधित जो नोटिफिकेशन जारी केन्द्र शासन द्वारा प्रसारित की है,उसमें शिक्षक,कर्मचारी,अधिकारी की सेवानिवृत्ति उपरांत सामाजिक सुरक्षा नहीं है। "NPS" की अंशदान कटौती की राशि भी वापसी योग्य नहीं है। सेवा में रहते मृत्यु उपरांत पारिवारिक पेंशन के नियम भी विवादास्पद है। प्रस्तावित UPS "NPS" से भी अधिक खतरनाक प्रतीत हो रही है,अतः इसे लागू नहीं किया जाए।

4. नेशनल पेंशन स्कीम धारी केन्द्रीय कर्मचारियों, अधिकारियों की तरह मध्यप्रदेश के कर्मचारी, अधिकारी की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर परिवार के सदस्यों को पारिवारिक पेंशन का लाभ एवं 2005 के पूर्व नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में भी दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### सेवा निवृत्त होने पर दी गई विदाई



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा तेंदूखेड़ा में पदस्थ शाखा प्रबंधक गुरुचरण तिवारी को उनकी शासकीय सेवा अवधि पूर्ण हो जाने पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। शाखा के समस्त स्टाप ने उन्हें स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सुखमय जीवन की मंगल कामना की गई। गौरतलब रहे कि श्री तिवारी ने गाडरवारा तहसील के छोटे से गांव खुरसुरु से प्राथमिक शाला ग्रहण करने के उपरांत करेली और नरसिंहपुर से से उच्च तथा स्नातक की शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत 1986 में जिला सहकारी बैंक में पदस्थ हुये थे।करेली बरमान गाडरवारा नरसिंहपुर में सेवायें देने के पश्चात तेंदूखेड़ा शाखा में अपनी सेवाएं देते हुए सेवानिवृत्त हुए हैं।

### स्टाफ व छात्राओं ने बांधे सकोरे



**नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए विद्यालय परिसर में सकोरे बांधे गए ताकि पक्षी गर्मी के मौसम में अपनी प्यास बुझा सकें यही नहीं महाविद्यालयीन स्टाफ और छात्राओं ने पक्षियों के लिए दाने की व्यवस्था भी बनाई है ताकि वह भोजन की तलाश में यहाँ वहाँ न भटके। इस मौके पर प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा, प्रोफेसर रीता रावत और शिक्षक शिक्षिकाएं छात्राएं शामिल रहीं।

### नही रहे आचार्य वैभव कृष्ण शास्त्री



**नरसिंहपुर।** गत दिवस करेली बस्ती निवासी पं. ओमप्रकाश शर्मा के सुपुत्र प्रवक्ता आचार्य वैभव कृष्ण का अल्पायु में निधन हो गया। ज्ञात हो कि आचार्य वैभव तिलवारा घाट जबलपुर में यज्ञ आचार्य के तौर पर काम कर रहे थे । जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

**हुनर को कैद करके ना रखें, लक्ष्य तय करें: कलेक्टर**

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर









**नरसिंहपुर**

गत दिवस स्कूल चले हम अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने यहां छात्राओं को निशुल्क पाठ्य- पुस्तकों का वितरण किया। कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद कर अपने अनुभव साझा किये और प्रेरणादायी बातें बताई। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं से संवाद करते हुए श्रीमती पटले ने पूछा कि अपने जीवन में क्या लक्ष्य तय कर रखे हैं। आपने अपने भविष्य के बारे में सोचा होगा और कोई न कोई सपना देखा होगा। यह सपना क्षणिक व दीर्घकालिक दोनों हो सकता है, लेकिन इसे पाने के लिए आपको लगन,अनुशासन और अथक परिश्रम करना होगा।

### अपने लक्ष्य को निर्धारित करें

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि जिन छात्राओं ने अभी अपना लक्ष्य तय नहीं किया है, वे अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लें। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी आपको शामिल होना होगा, जिससे शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। प्रतिदिन समाचार पत्र- पत्रिकाएं पढ़ने की आदत डालें। प्रश्नों को समझने की प्रवृत्ति और उसका सोच- समझकर जवाब देने की आदत आपको जीवन में शामिल करनी होगी। अपने दिनचर्या का टाइम- टेबल तैयार कर उसे अनुशासन के साथ फॉलो करना होगा। यह सोचने की जरूरत है कि सिर्फ किताब पढ़कर परीक्षा पास कर लेना ही काफी नहीं है। अब कई ऐसे संसाधन हमारे पास उपलब्ध हैं, जिसकी मदद से आप अपने हुनर को निखार सकते हैं। अपने हुनर को कैद नहीं रखें। आप जिस दिन अपने जीवन का लक्ष्य तय कर लेंगे उस दिन से ही आपको इसकी रणनीति तैयार करनी होगी।

### संसाधनों का करें सार्थक उपयोग

सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने कहा कि पहले के दौर में और वर्तमान के दौर में काफी बदलाव आ चुका है। आज के समय में हमारे पास काफी संसाधन हैं, जो पढ़ाई में आसानी से उपयोग किए जा सकते हैं। इंटरनेट, यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सही उपयोग कर आप आसानी से सही और सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आपको अपने जीवन का लक्ष्य तय करना होगा। आपका यह जीवन कैसा होगा, यह सोचने का सही वक्त है। लक्ष्य तक पहुँचने के लिए कैसे पहुँचना है। इसके लिए शिक्षक और माता- पिता आपके मददगार के रूप में मौजूद है। बच्चों में आत्मविश्वास हो, प्रश्न पूछने की क्षमता हो, घूमा-फिराकर प्रश्न पूछे जाने पर आप सही जवाब दे सके, इसके लिए आपको तैयार होना पड़ेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर उपाध्यक्ष नगर पालिका करेली श्रीमती अनीता नेमा, जिला शिक्षा अधिकारी एके व्यौहार, एपीसी दीपक अग्निहोत्री, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण बाईकर, वीआरसी प्रमींद्र पटेल, अन्य अधिकारी- कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, स्कूल का स्टाफ और छात्रायें मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एक अप्रैल से 4 अप्रैल तक जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान सत्र 2025- 26 के तहत विविध कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी एक शासकीय शाला में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को एक पीरियड अध्यापन व मार्गदर्शन और प्रोत्साहन किया।



## श्री बूढ़े नरसिंह मंदिर में नवरात्रि पर्व पर विविध आयोजन

**नरसिंहपुर।** किसानी वार्ड में श्री बूढ़े नरसिंह मंदिर के पास पुराना छापाखाना परिसर में पिछले 41 वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां बीजासन सामूहिक जवारे समिति द्वारा मैया के जवारे रखे गए हैं। यहां पर चैत्र नवरात्रि पर्व पर विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। दोपहर और रात में भजन देवी गीत कार्यक्रम चल रहे हैं। प्रतिदिन रात 8:45 बजे आरती, 3 अप्रैल को पंचमी, 6 अप्रैल को अष्टमी पर विशेष पूजा एवं 7 अप्रैल को शाम 4 बजे विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी। आयोजन समिति ने बताया कि आज 3 अप्रैल को शाम 7:30 बजे महाआरती, भजन संध्या आर्केस्ट्रा ग्रुप माँ नर्मदा म्यूजिक के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। समिति ने सभी से उपस्थिति और सहभागिता की अपील की है।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर**



गत दिवस स्कूल चले हम अभियान के तहत शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में अभियान के तहत दूसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती कविता राठौर उपस्थित रही। श्रीमती राठौर ने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का निर्देश दिया और कहा कि हमें जीवन में दिखावा नहीं करना चाहिए। उन्होंने इंजीनियरिंग, डॉक्टर, टीचर, कृषि संबंधी केरियर मार्गदर्शन विद्यार्थियों को प्रदान किए। साथ ही विद्यालय में 9वीं एवं 11वीं में शाला में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य तरुवर पटेल शिक्षक रामेश्वर पोषण, रामेश्वर धुर्वे, शायना फरहीन, शंकर राजभर, रोहित पटेल, रूपेंद्र पाटकार, आशुतोष नामदेव, रानू कटारे, संतोष विश्वकर्मा, गणेश अहिरवार, प्रशांत नामदेव उपस्थित रहे। इसके साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठयपुस्तकों का वितरण जेपी कोरी, अमित कहार एवं स्वप्नेश अड़कने द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार वरिष्ठ शिक्षक श्री दीक्षित ने व्यक्त किया।



## हवन अनुष्ठान कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन सत्र आरंभ के अवसर पर 1 अप्रैल 2025 को हवन-अनुष्ठान कार्यक्रम संस्था प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। संगीत आचार्य रामशंकर पटैल द्वारा हवन - अनुष्ठान कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया जिसमें आचार्य परिवार छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुये। शिशु वाटिका के नवीन उपकरणों के माध्यम से खेल-खेल में शिक्षा प्रदान की जा रही है। अभिभावकगण ने आचार्य परिवार द्वारा दी जा रही शिक्षा के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा संस्कार युक्त जीवन मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यार्थियों का मंगल तिलक कर स्वागत किया गया।

## पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, 12 घंटे में आरोपी गिरफ्तार



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी अंतर्गत ग्राम समनापुर में शव मिलने की जानकारी प्राप्त हुई। शव की पहचान श्यामसुन्दर चड़ार निवासी समनापुर के रूप में हुई। प्रकरण हत्या का होने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1), 296 बीएनएस का मामला दर्ज किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु तकनीकी एवं मुखबिर के माध्यम से जानकारियों को एकत्रित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप ज्ञात हुआ कि उक्त हत्या आरोपी वीरन उर्फ वीरेन्द्र पिता हाकम सिंह पटैल, उम्र 45 वर्ष, निवासी समनापुर, थाना ठेमी द्वारा की गयी है। जानकारी प्राप्त होते ही आरोपी की गिरफ्तारी हेतु सूचनाएं एकत्रित की जाकर हिकमत अमली के साथ आरोपी को जो कि भागने की फिराक में था उसे सुबह 4 बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुयी। प्रकरण में जानकारी प्राप्त हुयी कि मृतक एवं आरोपी के बीच पुरना जमीनी विवाद था जिसके चलते आरोपी द्वारा हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के उपरान्त उसके द्वारा घटना में प्रयुक्त कुदाल भी जप्त किया गया है एवं आरोपी को न्यायालय गोटेगांव के समक्ष पेश किया गया है।

## निषादराज जी जयंती मनाई निकली भव्य शोभायात्रा



**नरसिंहपुर।** श्री राम सखा गुहराज निषाद राज की जयंती नरसिंह तालाब परिसर क्षेत्र सिद्ध हनुमान मंदिर में निषादवंशीय माझी आदिवासी समाज द्वारा धूमधाम से मनाई इस दौरान श्री गुहराज निषाद राज जी का पूजन अर्चन कर उनकी आरती की गई और समाजसेवी जनों ने गुहराज निषादराज जी व श्रृंगवेरपुर धाम के बारे में बताया। तत्पश्चात एक भव्य शोभायात्रा तलापर नरसिंहपुर से प्रारंभ होकर गुलाब चैराहा ,गांधी चैक,नगर पालिका चैराहा, सुभाष पार्क बाहरी रोड से होते हुए राम मंदिर पहुंची जहां भगवान श्री राम का माझी समाज के लोगों ने पूजन अर्चन किया शोभायात्रा सिंहपुर चैराहा मुख्य मार्ग से वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवाओं व वरिष्ठ जनों ने सहभागिता की विशेष रूप से पुरषोतम कश्यप,चतुर्भुज कश्यप,सुमित कश्यप, बबलू कश्यप, राधे कश्यप, मुन्नू कश्यप, लीलाधर कश्यप राम चरण कश्यप, सोहन रैकवार, अमर नोरिया, अमर सिंह नोरिया, कैलाश रैकवार, शिवकुमार कहार, भवानी नोरिया, सूरज कश्यप आदि प्रमुख रूप से सहभागी रहे इस शोभायात्रा व पूजन आयोजन हेतु मूर्ति का निर्माण समाज के युवा अमित कश्यप द्वारा निर्मित की गई ।

# जहां तहां गंदगी का आलम



### बढ़ेंगी संक्रामक बीमारियां और पनपेंगे मच्छर

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां संपूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता को लेकर अभियानों और पखवाड़ों के माध्यम से जन जागरण किया जा रहा है। स्वच्छता को लेकर टीमें घूमकर ग्रेडिंग में जुटी हुई है वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी पूर्ण आलम बना हुआ है। मुख्य सड़क मार्गों से लेकर गली मुहल्लों में कचडों के ढेर और जल भराव की स्थिति बनी हुई है।इस गंदगी पूर्ण स्थिति से आलम से आने वाले समय में संक्रामक बीमारियां बढ़ने का खतरा बना हुआ है वहीं मच्छरों को पनपने से उनका दंश बीमारियों को बढ़ावा देगा।

### दूषित पानी पीने को मजबूर लोग

ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति बनीं हुई है कि ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न हेंडपंपो के इर्द-गिर्द जलभराव की स्थिति बनी हुई है।यही दूषित पानी हेंडपंपो में भीतर पहुंच रहा है।जो बीमारियों को जन्म देगा। पानी भरने आने वाले लोगों को भी आने जाने में परेशानी हो रही है।ग्राम पंचायत के सजग वर्ग ने तत्काल प्रभाव से ग्राम में सफाई अभियान चलाकर उचित व्यवस्था की दरकार की है।



### पीपरवानी पान की भी यही स्थिति

पीपरवानी पान में भी निस्तार का पानी ग्राम के मुख्य मार्गो से बहने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हुआ करती है। यहां पर काफी लंबे से नालियों की नियमित सफाई ना होने के कारण जल भराव की स्थिति बनी हुई है। ग्राम के लोगों का कहना है कि गंदा पानी भराव से मच्छरों की संख्या में दिनों दिन बढ़ोतरी होती चली जा रही है। वैसे भी मौसम की प्रतिकूलता के चलते सर्दी-जुकाम वायरल बुखार से पीड़ित लोग देखे जा रहे हैं। ऊपर से मच्छरों के कारण गंभीर स्थिति निर्मित होने की अशंका बनीं हुई है। ग्राम के लोगों का कहना है कि इस ग्राम पंचायत में काफी लंबे समय से विसंगति पूर्ण स्तिथि बनीं हुई है।जिसकी शिकायत विकासखण्ड के अधिकारियों से भी की गई है लेकिन अभी तक कोई उचित व्यवस्था नहीं हो सकी है।

### जल निकासी की नहीं है व्यवस्था

मुख्य सड़क मार्गो को साफ सुथरा रखनें सड़कों के बाजू से नालियां बनाया जाना आवश्यक है वहीं सार्वजनिक सरकारी हेंडपंपो का गंदा निस्तार का पानी निकासी की व्यवस्था होनी नितांत आवश्यक है। लेकिन ग्राम काचरकोना में सरस्वती शिशु मंदिर के सामने तरफ पानी भराव की स्थिति और बड़े बड़े कचड़े के ढेर लगे हुये है। जिससे स्कूली बच्चों को आने जाने में परेशानी हुआ करती है। बरसात के दिनों में दल-दल पूर्ण स्थिति निर्मित हो जाती है।सूखे दिनों में भी यहां पर हेडपंप से पानी का बहाव हमेशा बना रहता है। यहां पानी निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है।यही समस्या खेरुआ टोला में भी बनीं हुई है जहां प्राथमिक शाला के सामने घरों का कचड़ा डाला जाता है तथा हेडपंप के बाजू से भी कचड़े के ढैर स्वच्छता अभियान को पलीता लगाने के साथ संक्रामक बीमारियों को बढ़ावा देने का जीता-जागता उदाहरण है।

### बदल रहा मौसम का मिजाज

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों मौसम के बदलते मिजाज को लेकर कभी धूप तो कभी अचानक बादल छा जाने तो पानी की बूंदाबांदी से जहां लोगों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है वहीं किसानों की चिंतायें कम नहीं हो रही है। अधिकांश क्षेत्रों में बाद वाली कृषि उपज की कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। किसान उपज को सुरक्षित घर ले जाने की स्थिति में रात दिन थ्रेसिंग कार्य में जुटे हुए हैं।इस बदलते मौसम से कभी ठंडा कभी गर्मी के चलते सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ती चली जा रही है।

### गेंहू की फसल जलकर हुई राख



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भौंरा में मदन कुमार श्रीवास्तव के खसरा नंबर 215/1 रकबा 0.971 हेक्टेयर भूमि में लगी गेंहू की फसल में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से फसल जलकर राख हो गई।आग की लपटे देख तत्काल स्थानीय लोगों के द्वारा काफी मशक्कत कर आग को बुझाया।

## चारा लेने गई महिला का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र ठेमी अंतर्गत करकबेल निवासी राजकुमारी कोल उम्र 35 वर्ष का शव रेलवे ट्रैक पर छत-विछत अवस्था में मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गोटेगांव अस्पताल भेजा। शासकीय अस्पताल गोटेगांव की डॉ. बिंसी मंडलोई ने बताया कि मंगलवार रात पुलिस द्वारा महिला के शव को लाया गया था। महिला का नाम राजकुमारी पति नितेश कोल, उम्र 35 वर्ष, निवासी करकबेल है। पुलिस द्वारा अस्पताल लाई गई महिला मृत पाई गई, जिसका शव रात को मर्च्यूरी में रखवाया गया और सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके दोनों हाथों की कोहनियां फैक्चर पाई गईं, पसलियां पूरी तरह टूटी हुई थीं, और बायां पैर भी टूटा हुआ था। पुलिस ने शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार महिला मवेशियों के लिए चारा लेने के लिए गई हुई थी। पुलिस मामले की प्रत्येक दृष्टिकोण से जांच कर रही है।

### झिरिया माता के नाम प्रसिद्ध बावड़ी में किया श्रमदान



**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिले में 30 जून 2025 तक जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में कई कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद करेली के तत्वावधान में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में विकासखंड करेली के ग्राम बिछुआ में झिरिया माता के नाम से प्रसिद्ध प्राचीन बावड़ी की साफ- सफाई कर श्रमदान किया। जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद जय नारायण शर्मा व विकासखंड करेली समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक के मार्गदर्शन में विकासखंड करेली सेक्टर सुआतला के ग्राम बिछुआ में ग्राम पंचायत एवं नवांकुर संस्था रमपुरा के संयुक्त तत्वाधान में बावड़ी झिरिया की साफ- सफाई की गई, जिससे वर्षा जल का संचय किया जा सके। ग्राम बिछुआ की यह बावड़ी झिरिया माता के नाम से जानी जाती है। इसमें वर्ष भर पानी की उपलब्धता होती है, जो वर्षा जल संचय व लोगों को जल की उपलब्धता का प्रमुख स्रोत भी है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन सामुदायिक सहभागिता से साफ- सफाई की गई।

# रास्ते में कोई छेड़छाड़ करे, अश्लील बातें करे, डराये धमकाये तो उसकी सूचना पुलिस को दें

### नवागत टी आई ने छात्रों से किया सीधा संवाद



**तेंदूखेड़ा।** बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने सुरक्षा संबंधी उपायों को लेकर नवागत नगर निरीक्षक सौरभ पटेल ने भ्रमण के दौरान डोभी संकुल के अंतर्गत आने वाले समस्त स्कूलों का भ्रमण करते हुए बच्चों को बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने एवं सुरक्षा को लेकर आवश्यक उपाय बताए।अपराधों पर लगाम लगाने के लिए सरकार द्वारा भरपूर प्रयास किया जा रहे हैं। अपराधों की रोकथाम की दिशा में सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। यदि घर से स्कूल आते जाते समय यदि रास्ते में किसी के द्वारा छेड़खानी या अश्लील बातें अभद्र भाषा का उपयोग किया जाता है तो आप महिला हेल्पलाइन नंबर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर डायल 100 और स्वयं मुझे तत्काल फोन कर सूचित करें। ऐसे अपराधिक तत्वों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। जब भी आप घर से निकलें तो अपने रास्ते से सीधे घर से स्कूल आयें और स्कूल से घर जाए यदि आपको कहीं कुछ काम है तो इसकी सूचना अपने घर परिवार को तत्काल दें जिससे अभिभावक को किसी प्रकार की भय या चिंता ना रहे। यदि स्कूल में भी कोई लड़का या लड़की परेशान करता है तो उसकी सूचना तुरंत अपने प्राचार्य को दें। स्वयं की सतर्कता ही स्वयं का बचाव है जब तक हम स्वयं जागरूक नहीं होंगे तब तक हम बढ़ते अपराधों पर लगाम नहीं लगा पाएंगे । विद्यालय में किसी छात्र के द्वारा लगातार अनुशासनहीनता या विद्यालय में नशा खोरी या अश्लील हरकतें की जाती है तो उसके विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।